>

Title: Need to stop land acquisition from the farmers of Varanasi and Chandauli districts of Uttar Pradesh for setting up Special Economic Zones in the State.

श्री रामकिशुन (चन्दौली): देश के विभिन्न राज्यों सहित उत्तर प्रदेश के जनपद वाराणसी और चन्दौली में किसानों की लाखों हजारों हेक्टेयर कृषि योग्य उपजाऊ भूमि विशेष आर्थिक जोन एवं अन्य विकास कार्यों हेतु अधिग्रहण करने की कार्यवाही से उत्पन्न स्थिति के कारण किसानों में भारी आक्रोश व्याप्त होता जा रहा है। कृषि योग्य भूमि की खेती के लिए कमी हो रही है। जिसके चलते देश-प्रदेश में कृषि पैदावार भी लगातार प्रभावित हो रही है। खाद्य सुरक्षा मिशन योजना को सार्थक रूप से लागू नहीं किया जा पा रहा है। किसानों की हालत दिन-प्रतिदिन बद से बद्तर होती जा रही है। जनपद चन्दौली में रेलवे फेड कॉरिडोर योजना के लिए रेलवे लाईन नई बिछाने हेतु सैंकड़ों गांव के किसानों की कृषि योग्य भूमि अधिग्रहीत करने का प्रस्ताव किया जा रहा है, जिससे दोनों जनपदों के किसानों, खेतीहर मजदूरों में इस भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही से भारी असंतोष एवं रोष व्याप्त हो रहा है तथा किसान लगातार आंदोलन प्रदर्शन कर रहे हैं।

देश में इस प्रकार से लगभग सैंकड़ों स्थानों पर विशेष आर्थिक जोन के नाम पर किसानों की कृषि योग्य भूमि को सरकार अधिग्रहीत कर रही है, जिससे कृषि कार्य में भूमि के क्षेत्रफल का लगातार ह्रास हो रहा है। इस कारण देश की कृषि पैदावार लगातार तेजी से घट रही है। किसानों की माली हालत दिन प्रतिदिन खराब हो रही है।

अतः सरकार से अनुरोध है कि भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही तत्काल रोके जाने के आदेश देने के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए जाने संबंधी वक्तव्य है।